


प्रकाशक/स्वामीत्व
रजनी (पुत्री-महेश धावनिया)

डाक पंजियन संख्या : JaipurCity/423/2017-19

# श्री बाबा



प्रधान कार्यालय-सी-57, महेश नगर, जयपुर-15, मो.-9928260244 हिन्दी मासिक समाचार पत्र 7073909291 E-mail:shreebaba_2008@yahoo.com

वर्ष : 10 अंक : 12 आर.एन.आई. नं. : RAJHIN/2008/24962 जयपुर, 5 फरवरी, 2018 मूल्य : 5 रुपए प्रति पृष्ठ : 4


## कांग्रेस की इस सियासी पटखनी ने मंत्रियों के कद पर खड़े किए सवाल

### भाजपा के तीनों प्रत्याशी तो हारे ही, 15 मंत्री और 14 विधायकों की भी शिकस्त





**जयपुर।** अलवर, अजमेर लोकसभा क्षेत्र और मांडलगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के नतीजे आ गए। भाजपा के तीनों प्रत्याशियों ही नहीं हारे, 15 मंत्रियों व 14 विधायकों को भी शिकस्त मिली। वह इसलिए कि **( शेष पृष्ठ 2 पर )**

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 फरवरी को

**जयपुर।** न्यू जाग्रति सामाजिक सेवा संस्थान जयपुर की ओर से 17 फरवरी, 2018 को सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष रामदयाल बड़ोदिया ने बताया है कि अब तक 150 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। सम्मेलन में 551 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। महामंत्री सियाराम स्वामी ने अवगत कराया है कि शीतला माता मन्दिर चाकसू में 17 फरवरी, 2018 को विवाह सम्मेलन में नव दम्पत्तियों को उपहार के रूप में 50 वर्गगज का प्लॉट व दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा व 1 लाख रुपये तक का घरेलू सामान किया जायेगा।

## सर्वजातीय वैवाहिक सम्मेलनों की रही धूम



**जयपुर।** 23 जनवरी, 2018 को प्रगति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से सांगानेर के सायपुरा गांव में चतुर्थ सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। आयोजक व प्रदेशाध्यक्ष प्रगति सामाजिक सेवा संस्थान हेतराम लालावत ने बताया कि सम्मेलन में 26 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि शारदा शाद ने नव विवाहित जोड़ों के सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भैरूंलाल, हेवाराम, संस्थान के पदाधिकारी भंवर लाल, अजय बड़गोती, रामस्वरूप बंशीवाल, राधामोहन बैरवा, उर्मिला बैरवा सहित अन्य पदाधिकारीगण, सदस्यगणों और कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से सहयोग किया।

इसी तरह लोकेश अग्रवाल धर्मार्थ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बसंत पंचमी पर सर्व जातीय वैवाहिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें एक ही जाजम पर नौ जातियों के 22 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा।

संस्थापक अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया क वैशाली नगर बजरी मंडी रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में ट्रस्ट की ओर से हुए छठे सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में वैदिक विधि-विधान से नौ जातियों के युवक-युवती विवाह बंधन में बंधे। ट्रस्ट और दानदाताओं की ओर नवदंपतियों को सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, फर्नीचर भेंट किया गया।

रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर रामकिशोर महाराज, संत ज्ञानीराम, संत उदय राम, मां निर्मला स्नेही, पूर्व जेडीए डिप्टी कमिश्नर चैनसिंह राडो समेत ट्रस्ट पदाधिकारियों और विभिन्न गणमान्य लोगों ने नव दंपतियों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

## सम्पूर्ण भारतवर्ष में पहली बार 2100 जोड़े वर्ष 2007 में सर्व धर्म सामूहिक विवाह की मिसाल बने थे बाबा

### सफल संचालन के लिए श्री श्री 1008 बाबा बालकनाथ सत्संग सेवा मण्डल के प्रमुख महेश धावनिया का किया था विशेष सम्मान



आगुचा। भीलवाड़ा वर्ष 2007 में 2100 जोड़ों का सर्वधर्म, सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल संचालन हेतु महेश धावनिया का बाबा बालकनाथ जी महाराज की ओर से श्री बीरमदेव जी महाराज के द्वारा साफा पहनाकर स्वागत करते हुए।

**नि:शुल्क हिन्दू, मुस्लिम, सिख व ईसाई चारों धर्मों के 2100 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन राजस्थान सरकार के गृह मंत्री श्री गुलाबचन्द कटारिया, सांसद श्री वी.पी. सिंह वर्तमान राज्यपाल पंजाब, पूर्व उपमुख्यमंत्री बनवारी लाल बैरवा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद द्वारका प्रसाद बैरवा एवं अनेकों राजनेताओं, साधुसंतों की अगुवाई में सम्पन्न हुआ था।**

**अगुचा, भीलवाड़ा।** वर्ष 2007 में बाबा बालक नाथ जी के सानिध्य में भीलवाड़ा जिले के अगुचा गांव में **( शेष पृष्ठ 2 पर )**

## बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 फरवरी को

रेनवाल माजी। बैरवा सामूहिक विवाह समारोह समिति ग्रामीण के द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2018 को रेनवाल जिला जयपुर में बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के महामंत्री कैलाश नागरवाल ने बताया कि अब तक 85 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। विवाह सम्मेलन में नव दम्पत्तियों को उपहार के रूप में सम्पूर्ण घरेलू सामान दिया जायेगा।

## रजत पदक व पचास हजार रुपये नगद भेंट



**शाहपुरा।** शाहपुरा के गांव नीझर निवासी वर्तमान में अतिरिक्त जिला कलेक्टर(शहर)पद पर रहते हुए 2017 में चुनाव संबंधी बेहतर कार्य करने पर आर ए एस अधिकारी ओ पी बुनकर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सम्मानित किया।

सामाजिक कार्यकर्ता पूरणमल बुनकर ने बताया कि वर्तमान में यूआईटी में ओएसडी पद पर कार्यरत बुनकर को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में राष्ट्रपति ने रजत पदक, पचास हजार रुपये नगद राशि देकर सम्मानित किया।

बुनकर को यह सम्मान प्राप्त होने पर समाज में खुशी की लहर है इस दौरान गणपत वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा, रामजी लाल बुनकर, प्रभु दयाल जैवरिया, सीताराम बुनकर, राजकुमार प्रधानाचार्य,बी डी नैनावत, जगदीश बुनकर, श्यामलाल लखेर,सुरेश फौजी आदि समाज बंधुओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बैरवा समाज के पण्डितों का प्रथम अधिवेशन सम्पन्न



**जयपुर।** आचार्य समूह बैरवा समाज की ओर से बैरवा समाज के पण्डितों का प्रथम अधिवेशन दिनांक 28 जनवरी, 2018 को शिव मन्दिर गौतम नगर टोंक रोड, जयपुर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रात: 9.30 बजे से नेहरु बाल उद्यान गार्डन से ढोल शहनाई के साथ विभिन्न जिलों से पधारे पंडितों को स्वागत किया गया और कार्यक्रम स्थल लाया गया। कार्यक्रम के संयोजक पंडित भवानीशंकर गोठवाल, पं. लादूराम बैरवा, पं. गोपाल लाल बैरवा ने संयुक्त रूप से बताया है कि सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन श्री लाल राम बैरवा सेवानिवृत्त आई.एफ.एस. व श्री शंकरलाल बैरवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैरवा महासभा के द्वारा दीप प्रज्वलित **( शेष पृष्ठ 3 पर )**

## बैरवा समाज अब वेबसाईट पर कर सकते हैं विवाह सम्बन्ध

**बैरवा समाज के युवक-युवतियों के अभिभावक अपने बच्चों के रिश्ते करने हेतु प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था की वेबसाईट www.bairwasamaaj.com खोलकर देख सकते हैं।**



**जयपुर।** महर्षि बालीनाथ जी महाराज की 148वीं जयंती के अवसर पर प्रांतीय बैरवा प्रगति संस्था ने अपनी वेबसाईट www.bairwasamaaj.com का विमोचन प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के अध्यक्ष श्री सचिन पायलट द्वारा बटन दबाकर करते। इस दौरान प्रतिपक्ष नेता रामेश्वर डूडी, प्रशान्त बैरवा, सचिव संस्था के अध्यक्ष महेश धावनिया, रामलाल बैरवा, अनिल बैरवा सहित संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

सम्पादकीय

# चिंता के पार

मनुष्य का जीवन आशा और निराशा का मिश्रण है। कभी हम यह सोचते हैं कि ऐसा करेंगे तो हमें सफलता मिल सकती है, लेकिन दूसरे ही पल हमें अपनी ही सफलता संदिग्ध लगने लगती है और फिर हम किंतु-परंतु के फेर में पड़ जाते हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम किस दृष्टिकोण को अपनाते हैं। यदि हम आशावान बनकर सफलता के प्रति आसक्त हैं, तो हम हर हाल में सफलता को प्राप्त करेंगे। लेकिन यदि हम निराशा के भंवरजाल में फंसकर यह चिंता करने लगेंगे कि हम सफल हो पाएंगे या नहीं, तो हमारी सफलता भी संदिग्ध जाएगी। हमारी हार और जीत को हमारा मन और मस्तिष्क ही तय करता है। हमारे पास कई ऐसे लोग भी आते हैं, जो कहते हैं कि गुरु जी, हमारे साथ अक्सर ऐसा होता है कि हम अपने लक्ष्य के बिल्कुल करीब होते हैं, फिर अचानक से लक्ष्य हमसे काफी दूर चला जाता है। कभी-कभी जरूर ऐसा होता है कि हम पूरी उम्मीद और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करते हैं, लेकिन इसके बावजूद हम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में भी हमें आशा का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। जब आप अपनी पिछली गलतियों से सबक सीखते हैं, तो आप स्वत: ही अपने लक्ष्य को अपने करीब पाते हैं। हमारे जीवन में बारी-बारी से सुख-दुख दोनों आते रहते हैं, लेकिन दोनों ही परिस्थितियों में हमें सहज बने रहना चाहिए। जीवन जीने की कला यही है कि जब हमारे जीवन में सुख आएं तो हमें जी भर के हंस लेना चाहिए और जब दुख आएं तो उन्हें हंसी में उड़ा देना चाहिए। समय चाहे सुख वाला हो या दुख वाला, दोनों ही बीत जाते हैं, इसलिए हमें सुख में अपना संयम और दुख में अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। सुख-दुख, अंधेरे और प्रकाश की तरह हैं। जिस तरह हर रात की सुबह होती है। उसी तरह सुख-दुख के साथ भी ऐसा ही होता है। जब लोग दुख में होते हैं, तो भगवान को याद करते हैं, लेकिन सुख आने पर वे भगवान को भूल जाते हैं। कवि कहता है कि दुख में भगवान को सभी याद करते हैं, लेकिन सुख में उसे कोई याद नहीं करता। अगर लोग सुख में भी भगवान को याद करें तो उन्हें दुख आएगा ही नहीं। दरअसल, भगवान को याद करते हुए जब हम अपने निवेदन में उसकी प्रार्थना करते हैं, तो हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रार्थना से हमें बल, विास, प्रेरणा, आशा और मार्गदर्शन मिलता है।


## सदस्यता शुल्क

**वार्षिक सदस्यता**
100 रुपए
**विशिष्ट द्विवार्षिक सदस्यता**
500 रुपए
साथ में पाएं दो वैवाहिक एवं एक क्लासीफाइड डिस्प्ले विज्ञापन बिल्कुल मुफ्त
**आजीवन सदस्यता**
2100 रुपए
**संरक्षक सदस्यता**
5100 रुपए


# ''राष्ट्रीय उत्थान में डॉ. अम्बेडकर का योगदान''

# युवा कारवां वाहक

**गतांक से आगे**

इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि बाबा साहब ने मूलनिवासियों के लिए वहीं एक मात्र विचारक है। जरूरत है तो प्रचारकों की, जो बाबा साहब की विचारधारा का गहन अध्ययन करें तथा उसका प्रचार करके जन-जन तक ले जाएं। विचारों पर पहले खुद अमल करें और फिर जनता को सिखाएं, यह काम है प्रतिभागी का। कार्यकर्ता ही होता है जो आम आदमी के सम्पर्क में रहता है उससे चर्चा करता है, सवाल-जवाब के माध्यम से उसके संदेह दूर करता है अर्थात् कार्यकर्ता ही द्विमार्गों, संवाद स्थापित करके जनमानस के विचारों के अनुरूप रूपांतरित करता है। अगर इस विधि पर किसी व्यक्ति ने कार्य किया है तो वह मान्यवर कांशीराम। वो खुद प्रचारक के रूप में भीम सैनिक बनें, बुद्धिजीवी वर्ग के लिए बामसेफ तथा शेष आम आदमी के लिए के माध्यम से कार्यकर्ता तैयार किए। मा.कांशीराम की प्रकिया का परिणाम हमारे सामने है। बामसेफ का आंतरिक कलह एवं प्रतिद्वंद्धिता के कारण बिखरना तथा खत्म होने के परिणाम भी



हमारे सामने हैं। आज बाबा साहब के कारवां को आगे ले जाने का काम तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग विभिन्न संस्थानों के माध्यम से कर रहा है। इनकी कार्य शैली मंचीय है। मंचीय प्रोग्राम आवश्यक रूप से एक मार्गीय होते हैं। वक्ता भाषण देता है उस भाषण की प्रमाणिकता कभी सिद्ध नहीं होती। ताली बजती है, धन्यवाद ज्ञापित होता है और प्रोग्राम समाप्त।

माना कि शब्दों में जादूगरी होती है परन्तु अगर उन शब्दों पर कभी अमल नहीं किया जाए तो वह केवल जादूगर का खेल होकर रह जाता है। इसका मतलब यह है कि हमारे द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। परंतु यह हमारे समाज की विडंबना है कि इसका आम आदमी (कर्मचारी को छोड़कर) घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहा हैं। आम आदमी प्रेरित होकर सामाजिक कार्य करना शुरू करता है परंतु घर तथा खुद के भरण-पोषण की जिम्मेदारी के चलते साल-छ: महीने में घर बैठने पर मजबूर हो जाता है। कार्यकर्ता की जिम्मेदारी उठाना समाज का काम ही, परंतु एकता समाज खुद ही गरीब ही दूसरा जातियों में विखण्डित अत: यह बिना सामाजिकता का समाज है जो अपने ही मस्त रहता है। घूम-फिरकर कारवां को आगे ले जाने की, जिम्मेदारी कर्मचारी वर्ग पर आ जाती है। कर्मचारी वर्ग सर्विस नियम तथा स्वयं की कमजोरी के कारण सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका में नहीं कूदता। मूलनिवासी समाज इसी दुश्चक्र में फंसा हुआ है। अगर बाबा साहब के कारवां को आगे ले जाना है तो उसके लिए जरूरत है सच्चे एवं त्यागी सामाजिक कार्यकर्ता कीं। क्या यह समाज ऐसे कार्यकर्ता पैदा कर पाएगा? परीक्षा है हमारे सामर्थ्य की जिस पर बाबा साहब ने संदेह जताया था। बाबा साहब ने हमारे कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया, परन्तु वह हमेशा धोखेबाजी के शिकार हुए। क्या हम सिद्ध कर पाएंगे अपने सामर्थ्य को? क्या हम बंद करेंगे धोखेबाजी? चुनाव आपको करना है। जहां तक मेरा सवाल है तो वह मैं दो वर्ष पूर्व कर चुका हूं। अन्त में मुझे पूरा यकीन है कि कारवां को आगे ले जाने के लिए युवा तैयार हो रहा है। बहुत जल्दी ही यह आंधी छद्म अंबेडकरवादी, गद्दार, धोखेबाज एवं स्वार्थी लोगों को अपने साथ ले जाएगी। सही मायने में वही दिन हमारे लिए अंबेडकर जयन्ती होगी।


# वैवाहिक

## वर चाहिए

* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी., बी.एड. स्टेनोग्राफर, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-भीयाणा, बंशीवाल, गंगवाल, जोनवाल।
* दिल्ली निवासी, 28वर्ष, शिक्षा-बी.कॉम., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-जोनवाल, कुण्डारा, सुलानिया।
* फरीदाबाद निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मरमट, जाटवा, मुरारिया।
* फरीदाबाद निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मरमट, जाटवा, मुरारिया।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एम.एस.सी., गौत्र-मीमरोठ, जाटवा, बंसीवाल, सामने लकवाल व मुरारिया ना हो। मो.-7976069646
* अजमेर निवासी 22 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मीमरोट, लोदवाल, जोनवाल, मो.-9425422158।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एमबीए, पिता-बैंक सेवा, गौत्र-जारवाल, नागरवाल,मेहर, मो.-9784513332
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एमबीए, पिता-बैंक सेवा, गौत्र-जारवाल, नागरवाल,मेहर, मो.-9784513332
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-टाटीवाल, बड़गोती, जारवाल, सामने महेर न हो।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., पिता-निजी कार्य, गौत्र-नागरवाल, चरावण्डिया, जीनवाल, गोमलाडू।
* जयपुर निवासी, 33 वर्ष, शिक्षा-बी.एच.एम.एस., वर्तमान में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-जोनवाल, मीमरोट, जारवाल, सामने नगवाड़ी हो।
* दौसा निवासी, 18वर्ष, शिक्षा-11वीं, पिता-निजी कार्य, गौत्र-शक्करवाल, चन्दवाड़ी, नंगवाड़ी, धावणिया, सामने बंशीवाल व देवतवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 28वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, पिता-एन.बी.सी. में कार्य, गौत्र-गोमलाडू, बुहाड़िया, बेथाड़िया, सामने कुवाल न हो, मो. 7737809997
* जयपुर निवासी, 20 वर्ष, शिक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौत्र-मरमट, राजलवाल, नागरवाल, बेथाड़िया, सामने जारवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 19 वर्ष, शिक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौत्र-मरमट, राजलवाल, नागरवाल, बेथाड़िया, सामने जारवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.बी.ए., पीजीडीसीए, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-भुराहाड़िया, गौनावत, सिरोहिया, मो.-7597493946।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.कॉम., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-गोठवाल, सिसोदिया, जाटवा, लोडतीया।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए.सी., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-गोठवाल, सिसोदिया, जाटवा, लोडतीया।

## वधू चाहिए


* हनुमानगढ़ निवासी, 28वर्ष, शिक्षा-10वीं पास, वर्तमान में दिल्ली में प्रिटिंग प्रेस पर कार्यरत, गौत्र बंशीवाल, चरावण्डीया, नीमरोट।
* जयपुर निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में आई.टी. विभाग में प्रशासनिक अधिकारी, पिता-निजी कार्य, गौत्र-चरावण्डिया, बुहाड़िया, लोदवाल, टाटीवाल, सामने-परालिया ना हो।
* जयपुर निवासी, 28वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी. नर्सिंग, वर्तमान में-एआईएमएस में कार्यरत, गौत्र-मीमरोठ, जाटवा, बंशीवाल, सामने लकवाल एवं मुराड़िया ना हो।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी भारत सरकार, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-सुलानिया, राजलवाल, बीलवाल, सामने बैण्डवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में बैंक में कनिष्ठ लिपिक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-मेहरा, बेन्दाड़ा, बंशीवाल, सामने लोदवाल व भीमवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मिमरोठ, जारवाल, बंशीवाल, सामने रेसवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-12वीं, वर्तमान में प्राईवेट ड्राईवर, गौत्र-लोदवाल, कुवाल, मुराडिया, सामने बिन्दावड़िया न हो।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में केन्द्रीय राजकीय सेवा, पिता -पिता राजकीय सेवा, गौत्र-लोदवाल, कुण्डारा, बड़ागोती, सामने मिमरोठ न हो।
* करौली निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.बी.बी.एस., वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, पिता -निजी कार्य गौत्र-जाटुवा, बमणावत, बंशीवाल, सामने भरतोनियां।
* करौली निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-बी.ए.एस.एस., राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-जाटवा, जोरवाल, आकोदिया।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-11वीं, वर्तमान में स्वयं का व्यवसाय, गौत्र-बैण्डवाल, लोदवाल, नंगवाड़ी, मो. 9829599054।
* दिल्ली निवासी, 37 वर्ष, शिक्षा-बी.कॉम, एम.सी.ए., एम.ए.सी. (आई.टी.), वर्तमान में स्वयं का कोचिंग सेन्टर, गौत्र-बंशीवाल, धवन, घुणावत, सामने देवतवाल न हो।
* अलवर निवासी, 43 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.कॉम., वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी, पिता -कृषि कार्य, गौत्र-देवतवाल, सुलानिया, जाटवा, बड़ौदी, सामने कुण्डारा न हो।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., वर्तमान में व्याख्याता सरकारी, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-डोरिया, देवतवाल, मिमरोठ, सामने सिवत्या एवं बोहरा न हो।

विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क करें
**मो.: 9928260244**


( पृष्ठ 1 का शेष )

## कांग्रेस की इस सियासी पटखनी ने मंत्रियों ....

भाजपा को जिताने का दारोमदार इन्हीं


पर था। राज्य सरकार की एंटी इनकमबेंसी व केंद्र के जीएसटी-नोटबंदी जैसे फैसले भी हार की वजह रहे। तभी तो गांवों में ही नहीं, शहरों में भी भाजपा पिछली बढ़त बरकरार नहीं रख सकी।

कांग्रेस ने जिस तरह से भाजपा को पटखनी दी, उससे इन मंत्रियों के कद और आगामी चुनाव में मौजूदा विधायकों के टिकट पर संकट खड़ा हो सकता है। यह इसलिए भी होगा क्योंकि अजमेर और अलवर लोकसभा क्षेत्र की 8-8 सीटों में से 7-7 सीटें भाजपा के पास हैं और कोई भी विधायक अपने क्षेत्र में कांग्रेस की बढ़त नहीं रोक पाया। हर विधानसभा सीट पर भाजपा ने एक-एक मंत्री को प्रभारी बनाया, लेकिन ये फौज भी बेअसर रही। अजमेर संसदीय क्षेत्र की भाजपा के कब्जे वाली सात सीटों के विधायकों में से दो मंत्री व दो संसदीय सचिव हैं। अलवर में खुद श्रम मंत्री डॉ. जसवंत प्रत्याशी थे। यहां भी भाजपा के कब्जे वाली सभी सात सीटों पर कांग्रेस को लीड मिली है। मांडलगढ़ में यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी प्रभारी थे। उधर, हार के कारणों पर मंथन के लिए भाजपा मुख्यालय में मीटिंग रखी गई है।

**जीत का नायक**-विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे इस उपचुनाव में तीनों सीटें भाजपा के कब्जे में थीं और तीनों कांग्रेस ने छीन ली। उपचुनाव प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट के नेतृत्व में लड़ा गया, ऐसे में जीत का नायक भी उन्हें ही बताया जा रहा है। इस सियासी उलटफेर ने न केवल पायलट के कद में बढ़ोतरी की है, बल्कि अजमेर से चुनाव नहीं लड़ने को लेकर उन पर उठे सवालों पर भी लगाम लगी है। पायलट ने अजमेर तो जिताया ही, अलवर और मांडलगढ़ भी जीता।

## सम्पूर्ण भारतवर्ष में पहली बार वर्ष 2007 में सर्व धर्म...

नि:शुल्क सर्वधर्म, सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 2100 जोड़ों को सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न करवाकर भारतीय इतिहास में मिशाल देश में ही नहीं बल्कि विश्व में सम्भवत: सामूहिक विवाह सम्मेलन अपनी तरह का पहला आयोजन था।

इस सम्मेलन का संचालन मण्डल के प्रमुख एवं समाजसेवी महेश धावनिया द्वारा किया गया था। सम्मेलन में शरीक हुए उन लाखों लोगों को आज भी याद है कि किस तरह बाबा के सानिध्य में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि के सैंकड़ों जोड़े एक ही पाण्डाल के नीचे परिणयसूत्र में बन्धे थे।

जिसमें बाबा के अनुयायियों और आमजन के अलावा कई साधूसन्त एवं जनप्रतिनिधि व अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी इस विशाल सम्मेलन के गवाह बने थे।



कोटा। रामगंज मण्डी में महर्षि बालिनाथ जयन्ती के अवसर पर समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा का समाज के द्वारा 21 किलों की माला पहनाकर स्वागत करते।

# बाबा रामदेव मंदिर में पंचकुण्डात्मक सामवेद परायण यज्ञ 12 फरवरी को

**अजमेर।** बैरवा समाज ग्राम मनोहरपुरा पंचायत समिति अराई, तहसील सरवाड़, जिला अजमेर के द्वारा पंचकुण्डात्मक सामवेद परायण श्री रामदेव महायज्ञ दिनांक 12 फरवरी, 2018 से दिनांक 17 फरवरी, 2018 तक बाबा रामदेव जी मन्दिर प्रांगण किया जायेगा। इस आयोजन के यज्ञाश्रमी वेदान्ताचार्य मुनिवर संत श्री 108 श्री विरमदेव जी महराज चापानेरी के सानिध्य में किया जायेगा।



# रविदास जयंती धूमधाम से मनाई

**चित्तौड़।** बैरवा समाज आम चौसला शनि महाराज की ओर से संत शिरोमणी गुरु रविदास जयंती के अवसर पर 31 जनवरी, 2018 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती शोभा यात्रा निकाली और हमारी समाज का नाम रोशन किया जय सिंह भारती जी की शोभा यात्रा निकालने की रचना कामयाब हुई और जय सिंह भारती जी ने






स्टेडियम कपासन से प्रात: 11 बजे से विशाल वाहन रैली निकाली गई। इस अवसर पर सायंकालीन भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रविदास मन्दिर चित्तौड़गढ़ किले पर बालूराम बैरवा (आर.पी.), श्री प्यारे लाल आमेठ, श्री सोहनलाल बैरवा, श्री घीसूलाल बैरवा, रामेश्वरलाल बैरवा, श्री श्रवण भाई, सयानी देवी बैरवा, लक्ष्मी देवी बैरवा इत्यादि ने रविदास जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



**दिल्ली।** प्रगतिशील बेरवा महासभा के अध्यक्ष श्रीमान जय सिंह भारती जी ने लाल किला से देव नगर करोल बाग तक रविदास खुद शामिल होकर रविदास जयंती शोभा यात्रा बड़ी धूम-धाम से निकाली पुरी दिल्ली जय सिंह भारती जी का स्वागत करती नजर आई हम जय सिंह भारती जी का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं जय सिंह भारती जी हमारी एक समाज के अध्यक्ष जिन्होंने रविदास जयंती मनाई बड़ी धूम-धाम से बनाई सभी साथियों से निवेदन करूंगा जय सिंह भारती जी का स्वागत करें धन्यवाद करें।

## समाचार विज्ञापन संकलन

**श्री बाबा समाचार पत्र की प्रकाशन तिथि प्रत्येक माह की 5 तारीख है। अत: समाचार एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन के लिए विज्ञप्ति, फोटो आदि सामग्री माह की 20 तारीख तक पूर्ण विवरण के साथ भिजवा दें। सम्पर्क करें:**

**श्री बाबा** whatsapp 7073909291
**सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15**
**मो.-9928260244** E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com

# ऑल राजस्थान एस.सी., एस.टी. एकाउन्टस एसोसिएशन द्वारा

## अ. जाति व जनजाति के 132 नव चयनित क. लेखाकारों को किया सम्मानित

**जयपुर।** राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा में अनु.जाति जन जाति वर्ग के 1985 से कार्यरत संगठन ऑल राजस्थान एस.सी.,एस.टी. एकाउन्टस एसोसिएशन द्वारा अधीनस्थ लेखा सेवा में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ लेखाकार 2013 में चयनित व 2017 में पदस्थापित अनु.जाति, जाति वर्ग के जयपुर जिले के क.लेखाकारों को एसोसिएशन में सदस्यता प्रदान कर शामिल करने, एसोसिएशन के गठन से अब तक की संपादित गतिविधियों व वरिष्ठ साथियों से परिचित कराने तथा उनको भविष्य में अपने हितों के लिए संगठित रहने व अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देने के उद्देश्य से 27 जनवरी 2018 को प्रात: डॉ. अम्बेडकर भवन, 13-14, झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, दूरदर्शन केन्द्र के सामने, जयपुर में 2013 बैच के क.लेखाकारों का अभिनन्दन व नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह रखा गया। समारोह के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि क.लेखाकारों एवं सहायक लेखाधिकारियों के नियोक्ता विभाग कोष एवं लेखा विभाग राजस्थान के अति. निदेशक श्री प्रदीप माथुर तथा राजफेड के वित्तीय सलाहकार श्री अचलेश्वर मीणा थे, अध्यक्षता ऐसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्रभुलाल बैरवा लेखाधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बी.एल. बैरवा, उपाध्यक्ष अ.मे.वे.सो. श्री राकेश रमन संस्था संरक्षक व रामकुवांर मेहरा से.नि.मुख्य लेखाधिकारी उपस्थित थे। समारोह का शुभारम्भ बाबा साहब अम्बेडकर को माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया, और सभी आगन्तुकों का माला एवं मोमेन्टो से स्वागत किया तत्पश्चात नन्दलाल वर्मा स.लेखाधिकारी ने स्वागत भाषण में सभी का अभिनन्दन किया। एसोसिएशन के बारे में संक्षिप्त प्रतिवेदन द्वारा प्रभुलाल बैरवा प्रदेशाध्यक्ष ने प्रस्तुत करते हुऐ बताया कि एसोसिएशन की ओर से इस प्रकार का यह पहला आयोजन है ओर इसका विचार इसलिए आया कि लेखा संवर्ग के इतिहास में पहली बार अनु.जाति जन जाति के 952 क.लेखाकार चयनित होकर राज्य सरकार की सेवा में प्रविष्ट हुए है जिसमें करीबन 275 महिलाऐं है उनको सम्मानित करने से उनमें एक नई अनुभूति का अहसास होगा। श्री बैरवा ने बताया कि एसोसिएशन ने समय समय पर अनु.जाति जन जाति वर्ग की समस्याओं को सरकार के सम्मुख रखकर समाधान करवाया है ओर एक साथ 600 लेखाकारों का सहायक लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नत कराने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में क.लेखाकारों का अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित करना आरम्भ किया।



बी.एल. मीणा ने अनु.जाति जन जाति वर्ग के इतिहास पर प्रकाश डाला ओर सतर्क रह कर कार्य करने की सलाह दी। ऐसोसिएशन के सरंक्षक राकेश रमन सेवानिवृत लेखाधिकारी ने ऐसोसिएशन के इतिहास व की गई कार्यवाही के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। रामकुंवार बैरवा ने लेखाकर्मियों को नियमों की जानकारी दी ओर कहा कि हम मेहनत से ही सेवा में अपनी योग्यता सिद्ध कर सकते हैं।

कार्यक्रम में अनुसूचित जाति व जन जाति के लगभग 250 क.लेखाकार, लेखाकार व सहायक लेखाधिकारी व अनेक पदोन्नत लेखाधिकारी व वरिष्ठ लेखाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार श्री किशनलाल बंशीवाल लेखाधिकारी, अंजुरानी व. उपाध्यक्ष, दुलीचन्द-महासचिव, करतार सिंह-कोषाध्यक्ष, रामजीलाल आर्य-उपाध्यक्ष ख्याली राम-संयुक्त सचिव, रामजीलाल बैरवा- संगठन सचिव ,शम्भू दयाल बैरवा - संगठन मंत्री, भागीरथ मल , हरलाल , कैलाश मीणा, शिवपाल, गोपाल बैरवा, नन्दलाल, श्रीमती बीना, रामस्वरूप रावत, जगमोहन खींची, कृष्ण गोपाल छालिया, राजोरिया, प्रेम प्रकाश आर्य गोविन्द वर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया तथा इस प्रकार के कार्यक्रम संभाग स्तर पर आयोजित किये जाने की आवश्यकता बताई।

## बैरवा समाज के पण्डितों का प्रथम अधिवेशन... ( पृष्ठ 1 का शेष )

कर किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में श्री लाला राम बैरवा सेवानिवृत्त आई.एफ.एस., श्री महेश धावनिया, श्री शंकरलाल बैरवा, श्री जे.पी. बैरवा ने कार्यक्रम में शिरकत की। साथ ही विभिन्न जिलों से पधारे पण्डितों का अतिथियों व कार्यक्रम के संयोजकों के द्वारा श्रीफल, प्रशंसा पत्र माला व कम्बल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समारोह में विभिन्न जिलो से पधारे पंडितों में श्री भवानीशंकर गोठवाल, पं. लादूराम बैरवा, पं. गोपाल लाल बैरवा, पं. बलराम बैरवा जयपुर, पं. सुखलाल आर्य टोंक, पं. श्री अर्जुन देव शास्त्री सवाई माधोपुर, पं. श्री पी.डी भारद्वाज मानसरोवर जयपुर, पं. श्री नाथुलाल भीलवाड़ा, पं. श्री रामस्वरूप बावन पाडा, पं. श्री लादूराम आर्य अजमेर चांपानेरी, पं. श्री राकेश आर्य सांगानेर जयपुर, पं. श्री बसराम धौली दौसा, पं. श्री भागीरथ महादेवपुरा तूंगा, पं. श्री कन्हैयालाल निमोडिया चाकसू, पं. श्री लक्ष्मी चन्द जयपुर, पं. श्री प्रभुदयाल बीड रामचन्दपुरा, पं. श्री रामनिवास शास्त्री टोडा भीम, पं. श्री शिवप्रसाद दिल्ली, पं. श्री रामलाल दिल्ली, पं. श्री बीरमदेव जी अजमेर, पं. श्री रामनिवास दास प्रेम नगर जयपुर, पं. श्री चेतन प्रकाश डोडवाडी टोंक, पं. श्री प्रहलाद दास टोंक, पं. श्री बद्रीदास नीमडा फागी, पं. श्री गणेशदास दूदू, पं1 श्री रामोतार कौथून, पं. श्री श्यामानन्द गोविन्दपुरा, पं. श्री ओमप्रकाश बखण्ड बूंदी, पं. श्री जगदीश नारायण करतापुरा जयपुर, पं. श्री हरीप्रसाद सांगानेर जयपुर, पं. श्री पी.डी. बैरवा महेश नगर जयपुर, पं. श्री रामदेश सांगसनेर जयपुर, पं. श्री राम सांगानेर जयपुर, पं. श्री घनश्याम पीनाण, पं. श्री देवीलाल शास्त्री बक्सावाला जयपुर, पं. श्री अम्बालाल चाकसू, पं. श्री महीपाल शास्त्री, पं. श्री चन्द प्रकाश रूप नगर जयपुर, पं. श्री मुकेश शास्त्री निवाई, पं. श्री पुरणशास्त्री दतवास, पं. श्री प्रहलाद वनस्थली, पं. श्री प्रदीप शास्त्री चाकसू, पं. श्री सत्यनारायण, पं. श्री प्रभुनारायण कोटखावदा, पं. श्री शंकरलाल कोटखावदा, पं. श्री नरेश कुमार शास्त्री निमोडिया, पं. श्री राजेन्द्र कुमार चाकसू, पं. श्री विनोद कुमार निमोडिया, पं. श्री हरपाल दतवास, पं. श्री रामगोपाल कपूरावाला जयपुर, पं. श्री सीताराम नारायणपुरा सोसायटी, पं. श्री नानक चन्द कटेवा नगर जयपुर, पं. श्री नाथु हिंगोनिया, पं. श्री प्रहलाद दास मालपुरा, पं. श्री कमलेश छारेड़ा दौसा, पं. श्री रामगोपाल गौतम नगर जयपुर, पं. श्री संजयकुमार आचार्य गुणसी आदि उपस्थित थे।



बैरवा पंडितों के अधिवेशन में अतिथियों के रूप में पधारे श्री लाला राम बैरवा, श्री महेश धावनिया, श्री जे.पी. बैरवा का बीरमदेव जी महाराज एवं समाज के पण्डितों द्वारा माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मान करते।

इस अवसर पर आचार्य बैरवा समाज के अधिवेशन में निम्न बिन्दूओं पर आम सहमति जाहिर की।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर व ब्राह्मणवाद के मध्य सामंजस्य। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सर्वे सिद्ध योग व अबूझ मुहूर्त घोषित करना। शिक्षा का प्रचार प्रसार। दिवालग्न क्यों नहीं। मैली किया/अलंक उपासना का महत्व। समाज के प्रति हमारा दायित्व। साप्ताहिक (धार्मिक) कक्षाओं का संचालन। समिति का नाम निर्धारण, पंजीकरण व आय के साधवों पर चर्चा व निर्णय। समाज की शादी में केवल बैरवा पंडित को ही बुलाया जायें। बिना दहेज के विवाह करने पर पंडित नि:शुल्क विवाह सम्पन्न करायें। मृत्यु भोज करने पर पंडित मृत्यु भोज में शामिल न हों। बैरवा समाज के समस्त मंदिरों में बैरवा पंडितों की नियुक्ति अनिवार्य हों। नवयुवकों को रोजगार के साथ ज्योतिष शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करें आदि पर आम सहमती बनी।

## किशनलाल बंशीवाल ने अपने पुत्र की शादी में बिना दहेज के मात्र 1 रुपया लिया



जयपुर में श्री किशनलाल बंशीवाल के पुत्र के विवाह समारोह के दौरान डॉ. विजेन्द्र संग डॉ. वन्दना को श्री प्रभातीलाल बैरवा, श्री महेश धावनिया, श्री गोविन्द बंशीवाल, पं. भवानीशंकर गोठवाल, श्री किशनलाल बंशीवाल, डॉ. आर.सी. बंशीवाल व श्री कालूराम बैरवा द्वारा वर एवं वधू को आशीर्वाद देते हुए।

## सामाजिक संगठनों ने एस.डी.एम. को दिया ज्ञापन

**फागी, जयपुर।** दिनांक 26 जनवरी, 2018 को ग्राम दोसरा में गणतंत्र दिवस पर राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में खाना को लेकर गाँव के लड़कों के साथ अध्यापक ओमप्रकाश शर्मा द्वारा भेदभाव का बर्ताव को लेकर उपजे उपद्रव के बारे में दिनांक 30 जनवरी, 2018 को बैरवा छात्रावास फागी में दौसरा मामले को लेकर विशाल मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक संस्था के साथ प्रदेश भर से आये विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में रैली निकाली गई। और एस.डी.एम. कार्यालय फागी जाकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर मीटिंग में मुख्य संयोजक त्रिलोकराज बेनीवाल, पदेशाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश झाड़ला, महेश धावनिया प्रदेशाध्यक्ष प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था राजस्थान, बी.एल. बोध, कैप्टन मुकेश वाल्मिकी, रामलाल बैरवा, पवन बहुजन, मांगालील बैरवा, प्रहलाद बैरवा सहित एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी. महासंघ टोंक, अजमेर, बून्दी, भीलवाड़ा, चाकसू, निवाई, मालपुरा, दूदू, फागी, देवली सहित प्रदेशभर से लोग शामिल हुए।



30 जनवरी, 2018 को ग्राम दोसरा में प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष महेश धावनिया व सांगानेर तहसील अध्यक्ष श्री रामलाल कविराज व संस्था की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामवासियों व पीड़ित लोगों से रूबरू होकर 26 जनवरी, 2018 को हुई घटना का जायजा लेकर शान्ति बनाये रखने की अपील करते हुए।

## प्रांतीय बैरवा प्रगति संस्था की ओर से बैरवा समाज का तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 अप्रेल को

**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था की ओर से आगामी 15 अप्रेल, 2018 रविवार को बैरवा समाज का तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में प्रातः 10.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

संस्था के महामंत्री राजेश कुमार शास्त्री एडवोकेट ने बताया कि युवक-युवतियों के अभिभावक अपना पंजीयन संस्था कार्यालय सी-57 महेश नगर, जयपुर में करवा सकते हैं या संस्था की वेबसाइट www.bairwasamaaj.com पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए संस्था के प्रदेशाध्यक्ष महेश धावनिया मो. 9928260244 पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।



बांरा में राष्ट्रीय सेवा योजना संस्था की ओर से पर्यावरण पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते श्री महेश धावनिया।

## बैरवा समाज के युवा कलाकारों की गायन प्रतियोगिता अप्रेल में

**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था राजस्थान की ओर से बैरवा समाज के



सिंगर (गायक) कलाकारों की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सम्भावित अप्रेल माह में किया जायेगा।

जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गायक को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र, श्रीफल एवं नगद राशि सहित पुरस्कार के रूप में दिया जायेगा।

इसी प्रकार उपविजेताओं का भी सम्मान किया जायेगा। साथ ही कार्यक्रम में शामिल सभी कलाकारों को भी प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह व श्री फल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु संस्था कार्यालय सी-57, महेश नगर, जयपुर, मो. 7073909291, 9928260244 व 9414441044 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## ऑटो ड्राइवर होगा स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसेडर

**जयपुर।** महापौर डॉ. अशोक लाहोटी के प्रयासों से जयपुर का आम नागरिक स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 का ब्रांड एम्बेसेडर बन रहा है। आम नागरिक अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या और अपनी आजीविका कमाने के साथ इस अभियान को सफल बना रहा है। ऐसे ही एक ब्रांड एम्बेसेडर हैं जयपुर के श्री दीपक सिंह। दीपक ऑटो चलाते हैं, पर उनका ऑटो कुछ खास है। उन्होंने जयपुर शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपने ऑटो में डस्टबिन लगा रखा है। जयपुर शहर की हरियाली को बढ़ाने के लिए उन्होंने ऑटो में पौधे के गमले भी रखे हैं। आरजे-14 पीडी 7216 नंबर का इनका ऑटो क्लीन जयपुर-ग्रीन जयपुर का संदेश बखूबी दे रहा है। वाकई दीपक सिंह जी का यह अभिनव प्रयास 'स्वच्छ जयपुर' को सफलता की ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।





बैरवा युवा विचार मंच जयपुर की ओर से महर्षि बालीनाथ जयन्ती के अवसर पर झालाना ग्राम जयपुर में गरीब एवं जरुरतमंदों महिलाओं को कम्बल ओढ़ाते हुए कार्यक्रम के अतिथि बी.एल. बैरवा उपाध्यक्ष अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, महेश धावनिया प्रदेशाध्यक्ष प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था एवं श्री रामनारायण कुवाल संचालक गायत्री शिक्षा मन्दिर विद्यालय।

## श्री बाबा समाचार पत्र के विशिष्ठ सदस्य बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



**शंकरलाल बैरवा**
मेकेनिकल इंजीनियर, जयपुर



**चिरंजी लाल बैरवा**
सेनि. कार्यवेक्षक, जयपुर



**श्री जगदीश प्रसाद बैरवा**
केसियर एस.बी.आई., जयपुर



**जगदीश बैरवा**
अध्यापक, टोंक



**लालचन्द जोनवाल**
एम.ई.एस., कोटा






प्रताप सिंह खाचरियावास
अध्यक्ष
जयपुर जिला शंहर कांग्रेस कमेटी



डॉ. रघु शर्मा
सांसद, अजमेर



डॉ. कर्ण सिंह यादव
सांसद, अलवर



विवेक धाकड़
विधायक, मांडलगढ़

डॉ. रघु शर्मा, डॉ. कर्ण सिंह यादव को सांसद एवं विवेक धाकड़ को विधायक बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



श्रीमती गीता बैरवा पत्नी महेश धावनिया
पूर्व कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी, सदस्य जयपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी
सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर, मो. 9928260244


स्वामीत्व, मुद्रक, प्रकाशक, रजनी के लिए एम.बी. प्रिन्टर्स एफ-76 ए, करतारपुरा इण्ड. एरिया मोरानी वर्क्सशॉप के पास जयपुर से मुद्रित एवं सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15 (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक-भवनेश धावनिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा। मो.-9928260244, 9829271582 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com